*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन

पंतनगर। 28 अगस्त 2025। मैसर्स अनलॉक्स एकेडमी द्वारा विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय में मूल्यांकन परीक्षण एवं साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थियों क्रमशः सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की वेणु वृंदा एवं समृद्धि मेर, बी.टेक इण्डट्रीयल एण्ड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग की स्निग्ध अवस्थी तथा बी.टेक मेकेनिकल इंजीनियरिंग के अमन मेर का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त रू. 7 लाख प्रतिवर्ष के साथ ही अन्य सुविधाएं देय होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासो की सराहना की गयी तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डा. एम. एस. नेगी ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी व चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये बताया कि पूर्व की भॉति भविष्य में भी निदेशालय अन्य क्षेत्रों में भी विद्यार्थियों के सेवायोजन हेतु प्रयासरत रहेगा।